बाबुल सुप्रियो, पूर्व डीजीपी राजीव कुमार को राज्यसभा भेजेगी टीएमसी

पश्चिम बंगाल : पार्टी ने चार 4 उम्मीदवारों का किया ऐलान

नवभारत ब्यूरो। कोलकाता। पश्चिम बंगाल में राज्य सभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपने 4 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। बाबुल सुप्रियो का नाम भी राज्यसभा उम्मीदवारों की लिस्ट में शामिल है। इसके अलावा बंगाली एक्ट्रेस कोयल मल्लिक, पश्चिम बंगाल के पूर्व डीजीपी राजीव कुमार और वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी का नाम सूची में शामिल है।

बता दें कि देश के 10 राज्यों की कुल 37 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना है, 16 मार्च को वोटिंग होगी। इसमें 5 सीटें पश्चिम बंगाल की भी हैं। विधायकों की संख्या के आधार पर तृणमूल कांग्रेस को चार और भाजपा को एक सीट मिलना तय है।

टीएमसी ने एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी

तृणमूल कांग्रेस के ऑफिशियल एक्स हैंडल पर राज्यसभा उमीदवारों की सूची जारी की गई है। पार्टी ने पोस्ट में लिखा, 'आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए बाबुल सुप्रियो, राजीव कुमार (पश्चिम बंगाल के पूर्व डीजीपी), मेनका गुरुस्वामी और कोएल मल्लिक की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हम उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। आशा है कि वे तृणमूल की अटूट दृढ़ता और प्रत्येक भारतीय के अधिकारों और गरिमा की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की विरासत को कायम रखेंगे।'

क्या है पश्चिम बंगाल की 5 राज्य सभा सीटों का गणित?

पश्चिम बंगाल की 5 राज्य सभा सीटें खाली हुई हैं। नंबर गेम देखें तो यह तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी के पक्ष में दिखाई दे रहा है। विधानसभा में ममता बनर्जी की टीएम के 223-225 विधायकों के साथ 5 में से चार सीटों पर जीत दर्ज करना तय माना जा रहा है. वहीं, 64-65 विधायकों वाली बीजेपी को 1 सीट जीतने के लिए जरूरी 49 वोट मिल जाएंगे, जिससे वह पहली बार अपनी ताकत पर राज्यसभा सदस्य भेजने में सक्षम होगी।

बंगाल में आज प्रकाशित होगी नई मतदाता सूची

कोलकाता। ए। पश्चिम बंगाल में एसआईआर के बाद शनिवार को प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में सात करोड़ से अधिक मतदाताओं की अद्यतन जानकारी होगी। महीनों के राजनीतिक टकराव, अदालती लड़ाइयों, सड़कों पर प्रदर्शनों और चिंता के माहौल के बीच संशोधित मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इन बातों ने विधानसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को नया रूप दिया है।

न्यूज डायरी

इस साल दो लाख राशन कार्ड जारी करेंगे: रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। ए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार इस साल दो लाख नए राशन कार्ड जारी करेगी। सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में आयोजित प्रवास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि पिछले कई वर्षों से दिल्ली में नए राशन कार्ड जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'हम इस साल दो लाख राशन कार्ड जारी करने जा रहे हैं।'

ट्रेड डील से ध्यान भटकाने के लिए हुई गिरफ्तारियां : युवा कांग्रेस

नई दिल्ली। ए। भारतीय युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि उसके अध्यक्ष उदय भानु चिब और संगठन के कई अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले राजनीति से प्रेरित हैं तथा इनकी गिरफ्तारियां भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते से ध्यान भटकाने के लिए की गईं। चिब और युवा कांग्रेस के कई अन्य पदाधिकारियों को दिल्ली पुलिस ने एआई समिट में विरोध प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार किया है। कांग्रेस सांसदों दीपेंद्र हुड्डा और इमरान प्रतापगढ़ी ने संवाददाताओं से बातचीत में यह आरोप लगाया कि राजनीतिक प्रतिशोध में कार्रवाई की गई है।

भाजपा हिंदी की सर्वोच्चता स्थापित करना चाहती है: उद्धव

मुंबई। ए। शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हिंदी भाषा एवं संस्कृति की सर्वोच्चता स्थापित करना चाहती है। वह यहां 'मराठी भाषा गौरव दिवस' के अवसर पर पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि भाजपा की नीति क्षेत्रीय भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों को खत्म करने की है क्योंकि वह हिंदी की सर्वोच्चता स्थापित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र को एक क्षेत्रीय दल की जरूरत है और वह दल शिवसेना (उबाठा) है।

पवार अस्पताल में, एमवीए की राज्यसभा सीट पर बातचीत उलझी

मुंबई। ए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के प्रमुख शरद पवार के नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल में भर्ती होने से महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) की जीत की संभावना वाली एकमात्र राज्यसभा सीट को लेकर विपक्षी गठबंधन के भीतर चल रही खींचतान तेज हो गई है। पवार खेमे ने पार्टी नेता के अस्पताल में भर्ती होने को नियमित जांच से संबंधित बताया है, लेकिन सहयोगी शिवसेना (उबाठा) और कांग्रेस ने अस्पताल में भर्ती होने के समय पर सवाल उठाए हैं। आगामी 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले पवार के अस्पताल में भर्ती होने से तीनों दलों के बीच इस सीट को लेकर बातचीत उलझ गई है।

भाजपा नीत गठबंधन को स्पष्ट बढ़त

महाराष्ट्र में 288 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा नीत महायुति को स्पष्ट बढ़त हासिल है। भाजपा के 132, एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के 57 और राकांपा के 41 विधायक हैं। विपक्षी खेमे में शिवसेना (उबाठा) के 20, कांग्रेस के 16 और राकांपा (शरद पवार) के 10 विधायक हैं, जबकि कुछ छोटे दल और निर्दलीय भी शामिल हैं। पिछले माह उप मुख्यमंत्री और राकांपा प्रमुख अजित पवार का विमान दुर्घटना में निधन हो गया, जबकि भाजपा के एक विधायक का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। इसके बाद सदन की प्रभावी संख्या 286 रह गई है।

केवल एक सीट जीतने की हालत में है एमवीए

विपक्षी नेताओं का मानना है कि मौजूदा संख्या बल के आधार पर एमवीए केवल एक सीट सुनिश्चित कर सकता है और उससे अधिक का प्रयास राजनीतिक जोखिम होगा। साल 2024 के विधानसभा चुनाव के बाद विपक्ष की ताकत काफी घट गई है। राकांपा के दोनों गुटों के संभावित विलय का मुद्दा भी अनिश्चितता बढ़ा रहा है। शिवसेना (उबाठा) नेताओं का कहना है कि यदि दोनों खेमे एकजुट होते हैं तो इससे भविष्य के विधान परिषद चुनावों में समीकरण बदल सकते हैं। पवार के स्वास्थ्य को लेकर भी चर्चा हो रही है। शिवसेना (उबाठा) के एक नेता ने कहा, 'हाल में दो बार अस्पताल में भर्ती होने के बाद उन्हें फिर नियमित जांच के लिए भर्ती कराया गया है।

'वंदे मातरम' के रचयिता बंकिम चंद्र के परिजन भाजपा में शामिल

नवभारत ब्यूरो। कोलकाता।

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच राजनीतिक सरगर्मी उस समय और बढ़ गई, जब राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के रचयिता ऋषि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के परिवार के सदस्यों ने आधिकारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। परिवार की सदस्य सुमित्र चट्टोपाध्याय और सजल चट्टोपाध्याय ने भाजपा के राज्य मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के उनके प्रयासों से गहरे प्रभावित हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2026 के चुनावों में भाजपा के लिए यह एक बड़ी 'सांस्कृतिक जीत' है। पार्टी लंबे समय से बंगाल के मनीषियों के सम्मान को अपना चुनावी मुद्दा बना रही है। बंकिम चंद्र के वंशजों का भाजपा में शामिल होना इस बात का संकेत है कि पार्टी बंगाल के प्रबुद्ध वर्ग और पारंपरिक बंगाली परिवारों में अपनी पैठ मजबूत कर रही है।

खिलाड़ी स्वप्ना ने थामा टीएमसी का दामन

भारत की गौरवशाली एथलीट स्वप्ना बर्मन, जिन्होंने 2018 एशियाई खेलों में हेप्टाथलान में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया और अर्जुन अवार्ड से सम्मानित हुईं, अब राजनीति के मैदान में उतर आई हैं। आज कोलकाता के तृणमूल भवन में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। यह घटना उत्तर बंगाल की राजनीति में खासकर महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि स्वप्ना राजबोंगशी समुदाय से आती हैं, जो इस क्षेत्र में एक प्रभावशाली वोट बैंक है। लंबे समय से चल रही अटकलों के बाद आखिरकार उन्होंने यह कदम उठाया। तृणमूल कांग्रेस के राज्य मंत्री ब्रात्य बसु और चंद्रिमा भट्टाचार्य ने उनके हाथों में पार्टी का झंडा थमाया। सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब भी इस मौके पर मौजूद थे। स्वप्ना ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की जमीनी स्तर से संघर्ष कर ऊपर उठने की प्रेरणा से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी जॉइन की है। उन्होंने जनसेवा और समाज कल्याण के लिए खुद को समर्पित करने की इच्छा जाहिर की।

चुनाव लड़ने नौकरी से देना पड़ेगा इस्तीफा : वर्तमान में स्वप्ना केंद्र सरकार के रेलवे विभाग में अलीपुरद्वार डिवीजन में अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। सूत्रों के मुताबिक, आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव (2026) में तृणमूल कांग्रेस उन्हें उम्मीदवार बना सकती है। हालांकि, सरकारी नियमों के अनुसार चुनाव लड़ने के लिए उन्हें अपनी नौकरी से इस्तीफा देना होगा। टिकट को लेकर अभी स्पष्टता नहीं है।

माउंट आबू का नाम बदलकर आबूराज करने की घोषणा

मुख्यमंत्री भजनलाल ने विधानसभा में किया ऐलान

जयपुर। ए। राजस्थान के विख्यात पर्वतीय स्थल माउंट आबू का नाम बदलकर आबूराज किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को विधानसभा में यह घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने इस साल के भर्ती कैलेंडर में भर्तियों की संख्या एक लाख से बढ़ाकर 1.25 लाख करने की घोषणा की। शर्मा सदन में वित्त एवं विनियोग विधेयक- 2026 पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा,'हम विकास के साथ अपनी विरासत के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। मैं जनभावना को देखते हुए माउंट आबू का नाम आबूराज, जहाजपुर का नाम यज्ञपुर तथा कामां का नाम कामवन करने की घोषणा करता हूं।' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2026 में एक लाख पदों पर भर्ती किए जाने का परीक्षा कैलेंडर जारी किया है। शर्मा ने कहा, 'हमारी जनकल्याणकारी नीतियों और आर्थिक सुधारों का परिणाम आज साफ दिखाई दे रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। वर्ष 2026-27 में राज्य की जीएसडीपी लगभग 21 लाख 52 हजार 100 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह वर्ष 2023-24 की तुलना में 41 प्रतिशत वृद्धि दिखाती है।'

केरल में कांग्रेस 20 मौजूदा विधायकों पर फिर लगा सकती है दांव

तिरुवनंतपुरम। (आईएएनएस)। कांग्रेस केरल में अपने 22 मौजूदा विधायकों में से 20 को फिर से टिकट देने की तैयारी में है। विपक्ष के नेता वीडी सतीशान और केपीसीसी अध्यक्ष सनी जोसेफ आगामी विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के पहले चरण को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को नई दिल्ली के लिए रवाना होने वाले हैं। पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया है कि केंद्रीय नेतृत्व से परामर्श के बाद जल्द ही जारी होने वाली प्रारंभिक सूची में अधिकतर मौजूदा विधायक शामिल होंगे, जो राज्य इकाई के भीतर निरंतरता और संगठनात्मक स्थिरता का संकेत है। नामों को चरणबद्ध तरीके से अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। पहली सूची में 20 मौजूदा विधायक और उन निर्वाचन क्षेत्रों के उम्मीदवार शामिल होंगे जहां केवल एक ही उम्मीदवार है, जिसे राष्ट्रीय नेतृत्व का समर्थन प्राप्त है।

शादी के 27 साल बाद टूट रहा टीवीके चीफ विजय का घर

पत्नी संगीता ने मांगा तलाक

चेन्नई। ए। अभिनेता से नेता बने तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक जोसेफ विजय चंद्रशेखर की पत्नी संगीता विजय ने चेंगलपट्टू की एक जिला अदालत में तलाक के लिये याचिका दायर की है। संगीता ने अर्जी में पति पर एक अभिनेत्री के साथ विवाहेतर संबंध रखने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि अभिनेता ने उन्हें 'लगातार मानसिक क्रूरता, उपेक्षा और परित्याग' का शिकार बनाया है। याचिका के मुताबिक, संगीता और विजय का विवाह सर्वप्रथम 10 जुलाई, 1998 को ब्रिटेन में पंजीकृत हुआ था। इसके बाद, 25 अगस्त, 1999 को चेन्नई में एक औपचारिक विवाह समारोह संपन्न हुआ।

STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND
Government of Jharkhand

e-procurement Notice inviting RFP for
Engineering, Procurement & Construction (EPC)
Ref No: SHAJ/Tech/CW/Jainamore to Phusro/2026/147Date: 27.02.2026

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites Request for Proposal for Engineering Procurement & Construction basis from eligible bidders for " **Widening & Strengthening work of Jainamore (Tilka manjhi chowk) to Phusro (Nirmal mahato chowk) (MDR-077) from 2 lane to 2 lane paved shoulder on EPC mode**. The approximate cost of the work is Rs **125.45** Crore.
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Request for Proposal (RFP) document for Engineering, Procurement & Construction document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **12.03.2026 (03:30 P.M.) to 13.04.2026 (upto 12:30 P.M.).** The complete RFP Application shall be submitted online by **13.04.2026 (upto 12:30 PM)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in All the details regarding this RFP will be available on the above mentioned website. It will opened on **15.04.2026 (at 12:30 PM).**
3. The contractors are required to submit non-refundable **Tender Fee** of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) & **Bid Security (EMD)** of **Rs. 1.26 Crore (Rupees One Crore Twenty Six Lakh Only).** Tender fees and Earnest money Deposit(EMD) shall be deposited online as per Information technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.
4. ***No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.* The cost of the work and Bid Security (EMD) may change.**

Sd/-
Member (Technical)
State Highways Authority of Jharkhand
Deen Dayal Nagar
(Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)
Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,
E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com

PR.NO.373743 State Highway Authority of Jharkhand(25-26):D

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 10626/न.पा.नि./2026 — रायगढ़ दिनाँक 26.02.26

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	186264	CONSTRACTION OF SAMUDAYIK BHAVAN FOR RAIGARH PRESS CLUB AT RAIGARH (2nd Call)	20.00	16.03.2026
2	186406	CONSTRACTION OF SAMUDAYIK BHAVAN AT W.N. 28	25.00	20.03.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़

कार्यालय, नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा, जिला-बालोद (छ.ग.)

क्रमांक / 4985 / लो.नि.वि. / नि.आ.सु. / 2025-26 दल्लीराजहरा, दिनांक 27/02/2026

''मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना''

नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा क्षेत्रांतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अधोसंरचना मद अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से पी.डब्ल्यू.डी.एस.ओ.आर. भवन दिनांक 01.01.2015 प्रचलित एस.ओ.आर में कम या समान अथवा अधिक प्रतिशत दरों पर निविदा प्रपत्र ''A'' में त्रि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 27.03.2026 को समय अपरान्ह 3:00 बजे तक मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. प्रत्येक कार्य के लिये निविदा प्रपत्र शुल्क 750.00 रू. पृथक पृथक निर्धारित है।
2. प्रत्येक कार्य के पूर्ण करने की समयावधि 03 माह वर्षाऋतु सहित है।
3. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि :- 19.03.2026 समय 4:00 बजे तक
4. कार्यालय से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-23.03.2026 समय 4:00 बजे तक
5. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथिः- 27.03.2026 समय 3:00 बजे तक
6. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथिः- 30.03.2026 समय 12.00 बजे तक

क्रं.	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि
01	वार्ड क्रं 13 में रूपलाल साहू के घर से युवराज घर तक, रेल्वे पटरी से अनेक साहू घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य	7.00	5250.00
02	वार्ड क्रं 15 में मंच के पास से दुकान तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य	9.99	7500.00
03	वार्ड क्रं 17 में बिजली खंबा से मेन रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य	9.99	7500.00
04	वार्ड क्रं 18 में नगमा घर से शिव मंदिर होते हुए मेन रोड़ तक सीसी रोड निर्माण कार्य	3.00	4000.00
05	वार्ड क्रं 18 में रफिकुम बेगम के घर से ताजेश घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य	4.00	4000.00
06	वार्ड क्रं18 में सगनी के घर से अकतु राम घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य	2.50	3000.00
07	वार्ड क्रं 20 में रमेश पटेल के घर के पास सीसी रोड निर्माण कार्य	5.00	5000.00
08	वार्ड क्रं 21 में राजकुमार गायवाड के घर के पास सीसी रोड निर्माण कार्य	5.00	5000.00
09	वार्ड क्रं 24 में मुख्य नाले के पास से सीसी रोड निर्माण कार्य	9.99	7500.00
10	वार्ड क्रं 25 में अमर मेडिकल स्टोर से युवांशी के दुकान तक एवं पुराने नाली से मुख्य नाली तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य	8.00	6000.00
11	वार्ड क्रं 25 में रवि कुमार चंद्राकर के घर से पुरानिक सोनकर के घर तक सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य	2.50	3000.00
12	वार्ड क्रं 25 में शिव मंदिर से झंडा चौरा तक सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य	6.00	5000.00
13	वार्ड क्रं 25 में शिव मंदिर से कुंजलाल नेताम के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य	2.00	2000.00
14	वार्ड क्रं 27 में मुख्य मार्ग के पास से सीसी रोड़ निर्माण कार्य	5.00	5000.00

टीप :- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
प्रथम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा अमंत्रण सूचना

क्र.07/न.पा.नि./यो.प्र./2025-26 — दिनांक 27/02/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत '' ए'' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु.लाख में)	निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि
186462	मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत अरपा राम सेतु से शनिचरी रपटा तक सड़क नाला एवं पिचिंग निर्माण कार्य (दाहिनी ओर)	1153.65	23 / 03 / 26

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्र. 02
शहीद स्मारक स्कूल परिसर, के.के. रोड, रायपुर (छ.ग.) टेलीफोन नं.-0771-4221266

क्रमांक 49/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./जोन क्र. 02/2026 — रायपुर, दिनांक 26.02.26

सूचना

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्र. 02 क्षेत्रांतर्गत जनसाधारण द्वारा 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2022 में स्वयं के भवन, व्यवसायिक संस्थान आदि का निर्माण किया गया है. ऑनलाईन भवन अनुज्ञा की अनुमति के समय रेनवाटर हार्वेस्टिंग बनाने की अनिवार्यता होने से उसके लिये सुरक्षा राशि निगम में जमा की गई है. लेकिन 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2022 तक भवन स्वामियों द्वारा अपना भवन निर्माण करने के पश्चात् रेनवाटर हार्वेस्टिंग बनाने संबंधी सूचना नहीं दी है व रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नहीं किया गया है.

अतः इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सभी भवन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने भवन में रेनवाटर हार्वेस्टिंग बना लिये जाने से संबंधित सर्टिफिकेट एवं जानकारी जोन क्रमांक 02 के कार्यालय में सूचना प्रकाशन की अवधि से 07 दिवस के भीतर जानकारी प्रस्तुत कर देवे. समयावधि समाप्ति पश्चात् 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2022 तक निगम में रेनवाटर हार्वेस्टिंग हेतु सुरक्षा राशि जमा की है वह राजसात कर ली जायेगी जिसके लिए पृथक से सूचना जारी नहीं की जायेगी.

सूचनार्थ

दिनांक- 26.02.26 — जोन आयुक्त, जोन क्र. 02, नगर पालिक निगम रायपुर

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला- 768020, जिला-संबलपुर, ओडिसा
दूरभाष (ईपीबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

सूचना

सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in,** संबंधित सहायक कंपनी (**एमसीएल, www.mahanadicoal.in**) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध है। **R-5289**

कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़
वाणिज्यिक कर- जी.एस.टी. भवन (प्रथम तल)
सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, अटल नगर, नवा रायपुर 492002
e-mail : excise.comm.cg@gov.in

आम सूचना

क्रमांक/आब./आस./2026/1243 नवा रायपुर, दिनांक 25.02.26

सर्वसाधारण एवं देशी मदिरा विनिर्माता/ प्रदायकर्ता इकाईयों की विशेष जानकारी के लिए यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि, देशी मदिरा के थोक प्रदाय हेतु कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ के पत्र No./Rate Offer/ 2026-27/1202, दिनांक 24.02.2026 द्वारा जारी रेट ऑफर अनुसार कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ के ऑनलाईन पोर्टल पर दिनांक 16.03.2026 को समय 17:30 बजे तक रेट ऑफर आमंत्रित किया जाना एवं दिनांक 17.03.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे रेट ऑफर खोला जाना नियत है.

रेट ऑफर आमंत्रित किये जाने के पूर्व देशी मदिरा के विनिर्माता/ प्रदायकर्ता इकाईयां की, **कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, जीएसटी भवन, नवा रायपुर अटल नगर में ऑनलाईन मॉड्यूल प्रदर्शन दिनांक 02.03.2026 को समय प्रातः 11 बजे तथा प्री-बिड मंत्रणा दिनांक 09.03.2026 को समय प्रातः 11:00 बजे** आयोजित की गई है.

अतः इच्छुक देशी मदिरा विनिर्माता/ प्रदायकर्ता इकाईयों को नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया जाता है.

(आबकारी आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

अपर आयुक्त आबकारी, छत्तीसगढ़

जी-06959

कार्यालय, नगर पालिका परिषद, कुम्हारी जिला-दुर्ग (छ.ग.)

// मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना //

क्रमांक/397/लो.क.वि./निविदा आमंत्रण/2026 — कुम्हारी, दिनांक 26/02/2026

नगर पालिका परिषद कुम्हारी हेतु निम्नानुसार कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयक ठेकेदारों से निविदा फार्म A & B में एस.ओ.आर लोक निर्माण विभाग प्रचलित दर अनुसूची 01.01.2015 भवन के आधार में कम या अधिक दर एवं नॉन एस.ओ.आर. (आयटमवार) दर पर केवल स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 12/03/2026 सायं 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र हेतु क्रय की अंतिम तिथि - 13/03/2026 सायं 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि - 19/03/2026 सायं 4.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 20/03/2026 प्रातः 11.00 बजे से

कार्य का विवरण	अनुमानित राशि (लाख में)
नगर पालिका कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों में मूर्ति स्थापना कार्य।	5.03

नियम एवं शर्ते :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट में uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कुम्हारी

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

बिजली बंद की सूचना

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि तिल्दा उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले 220/132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र कुथरेल में लाईन से संबंधित अतिआवश्यक कार्य किया जाना है जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाली समस्त 33 के.व्ही. लाईन की विद्युत सप्लाई बंद होगी. अतः नीचे तालिका में दर्शित दिनांक को सुबह 10.00 से दोपहर 03.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण फीडर से निकलने वाले समस्त दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी. आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है.

क्र.	दिनांक	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	28.02.2026	33 के.व्ही. सिलयारी फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सिलयारी एवं मंगसा से निकलने वाली 11 के.व्ही. फीडर की सप्लाई सिलयारी, मंगसा, पथरी, महुआगांव, खौना, जंजगीरा, कोदवा, खुड़मुड़ी, तरेसर, कुथरेल, मनोहरा, रैता एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र तथा उच्चदाब उपभोक्तागण
2	28.02.2026	33 के.व्ही. कुथरेल-जोता फीडर	राग फेरो, वक्रांगी मेटल, हाईटेक पॉवर एवं आसपास के उच्चदाब उपभोक्तागण
3	28.02.2026	33 के.व्ही. इंडियन ऑयल फीडर	400/220 के.व्ही. उपकेन्द्र रैता एवं संभव स्टील एण्ड ट्यूब्स एवं आसपास के उच्चदाब उपभोक्तागण

''विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं.''

असुविधा के लिए खेद है

''विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचें''
''स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए''

(धनंजय कुमार वर्मा)
कर्मचारी संख्या- 92315604
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

संवाद- Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

कार्यालय संयुक्त संचालक
पशु चिकित्सा सेवायें, जिला- रायपुर (छ.ग.)
मंडी गेट, पंडरी, रायपुर ईमेल- jdvsraip.cg@gov.in

गौधाम संचालन के लिये रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) का तृतीय आमंत्रण

* EOI जारी करने की तिथि- 26.02.2026
* निर्धारित प्रपत्र-7 में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि- 12.03.2026, समय 3 बजे तक
* जमा करने का स्थान- कार्यालय संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, पंडरी, रायपुर

शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में संलग्न सूची अनुसार स्थानीय गौठानों में गौधाम संचालन के लिये उपरोक्त तिथि अनुसार रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) का तृतीय आमंत्रण स्वयंसेवी संस्था, एन.जी.ओ. (Non- Government Organization), ट्रस्ट, फार्म प्रोड्यूसर कम्पनी या सहकारी समिति से किया जा रहा है. गौधाम में निराश्रित, घुमन्तू गौवंशीय पशुओं तथा गृह विभाग द्वारा कृषिक पशु परीरक्षण अधिनियम 2004 (यथा संशोधित 2011), छ.ग. कृषिक पशु परीरक्षण नियम 2014 अंतर्गत जप्त गौवंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जायेगा.

गौधाम स्थापना हेतु भूमि, गौधाम का उद्देश्य, क्रियान्वयन नियंत्रण, अनुश्रवण एवं अनुशीलन, गौधाम संचालन हेतु पात्र संस्थायें, आवेदित गौधाम हेतु ग्राम पंचायत/ शहरी स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, गौधाम के संचालन हेतु पात्रता एवं कार्यकाल, गौधाम संचालन हेतु चयनित संस्था का दायित्व, गौधाम हेतु मानव संसाधन, योजना का वित्त पोषण एवं शास्ति की जानकारी कार्यालय, संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, पंडरी, रायपुर में कार्यालयीन दिवस एवं समय सुबह 10 बजे से 5:30 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है.

इसे संचालनालय, पशु चिकित्सा सेवायें छ.ग. के वेबसाईट- http//agriportal.cg.nic.in/ahd में भी देखा जा सकता है.

संलग्न :- गौठान सूची — संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें

जी-06948